## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–25.09.2025 (संध्या–1900 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में वर्ल्ड फूड इंडिया का किया उद्घाटन, कहा–भारत के पास डायवर्सिटी, डिमांड और स्केल की तिहरी शक्ति है।**
2. **वर्ल्ड फूड इंडिया में उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव ने किया झारखंड पैवेलियन का उद्घाटन, कहा–यह आयोजन झारखंड की पारंपरिक और पौष्टिक खाद्य विविधताओं को वैश्विक मंच पर प्रदर्शित करने का अवसर।**
3. **भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने शराब घोटाले की सीबीआई जांच की मांग की, कहा–घोटाले से सैकड़ों करोड़ रुपए का हुआ राजस्व नुकसान।**
4. **नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे राज्यव्यापी अभियान में गिरिडीह पुलिस और सीआरपीएफ को मिली बड़ी सफलता, खुखरा और निमियाघाट क्षेत्रों से भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक सामग्री बरामद।**
5. **एशिया कप क्रिकेट सुपर फोर में आज पाकिस्तान और बांग्लादेश होंगे आमने–सामने।**

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में भारत मंडपम में वर्ल्ड फूड इंडिया का उदफघाटन किया। इस वैश्विक खाद्य आयोजन में 21 से अधिक देशों, 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों तथा दस केंद्रीय मंत्रालयों की भागीदारी होगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के पास डायवर्सिटी, डिमांड और स्केल की तिहरी शक्ति है।

*******************

नई दिल्ली के भारत मंडपम में आज से वर्ल्ड फूड इंडिया 2025 की शुरुआत हुई, जिसमें झारखंड पैवेलियन का उद्घाटन उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव ने किया। मौके पर मंत्री ने कहा कि यह आयोजन वैश्विक मंच पर झारखंड की पारंपरिक और पौष्टिक खाद्य विविधताओं को प्रदर्शित करने का अवसर है। साथ ही उन्होंने उद्यमियों से खाद्य प्रसंस्करण उद्योग में रुचि लेकर झारखंड के व्यंजनों और प्राकृतिक उपज को देश–दुनिया तक पहुंचाने की अपील की।

*******************

अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार भारत की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। जीएसटी सुधार इस महीने की 22 तारीख से लागू हो चुके हैं। हमारे संवाददाता ने बताया है कि विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं पर कर की दर कम करके, ये सुधार नागरिकों को काफी राहत पहुँचा रहे हैं। एक रिपोर्ट–

*******************

केंद्र सरकार द्वारा किए गए जीएसटी सुधारों को लेकर हजारीबाग में जश्न का माहौल है।

*******************

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए शराब घोटाले की सीबीआई जांच की मांग की है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को लिखे पत्र में उन्होंने आरोप लगाया कि घोटाले में सैकड़ों करोड़ रुपये का राजस्व नुकसान हुआ और इसमें निलंबित आईएएस, जेएसबीसीएल के अधिकारी और शराब माफिया शामिल हैं। श्री मरांडी ने एंटी–करप्शन ब्यूरो की भूमिका पर सवाल उठाते हुए चार्जशीट समय पर न दाखिल करने और संदेहास्पद तबादलों का हवाला दिया।

*******************

सीसीएल परिवार ने आज रांची के टैगोर हिल में "स्वच्छता ही सेवा 2025" अभियान के तहत श्रमदान कर स्वच्छ भारत का संदेश दिया। इस अवसर पर सीसीएल सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह, निदेशक चंद्र शेखर तिवारी और सीवीओ पंकज कुमार समेत कई अधिकारियों और कर्मियों ने स्वच्छता को जीवनशैली बनाने और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करने का संकल्प लिया।

*******************

नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे राज्यव्यापी अभियान में गिरिडीह पुलिस और सीआरपीएफ–154 बटालियन को बड़ी सफलता मिली है। गुप्त सूचना पर छापेमारी अभियान में खुखरा थाना अंतर्गत जोकाई नाला और निमियाघाट थाना क्षेत्र के चिरुआबेड़ा पहाड़ी इलाके से भारी मात्रा में नक्सली सामान बरामद किया गया। बरामद सामग्री में एक एसएलआर, एक .303 राइफल, 113 जिंदा कारतूस, डेटोनेटर और अन्य विस्फोटक सामग्री शामिल है। पुलिस अधीक्षक सुरजीत कुमार ने बताया कि बरामदगी से नक्सलियों की बड़ी साजिश नाकाम हुई है और सुरक्षाबल का अभियान लगातार जारी रहेगा।

*******************

हजारीबाग में डीएमएफटी की बैठक में सांसद मनीष जायसवाल ने स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र में फंड का सही उपयोग न होने पर गंभीर सवाल उठाए। श्री जयसवाल ने कहा कि डीएमएफटी फंड से खरीदी गई करोड़ों की कार्डियक एम्बुलेंस भी पिछले ढाई साल से सामान्य एम्बुलेंस की तरह चल रही है क्योंकि उसमें टेक्नीशियन और ड्राइवर की व्यवस्था नहीं है।

*******************

खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के तहत ग्रामोद्योग विकास योजना के अंतर्गत 80 विद्युत चालित कुम्हार चाक और 20 इलेक्ट्रिशियन टूल किट का वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम कल सुबह 11 बजे से रांची के डोरंडा स्थित जैप 1 के शौर्य सभागार में  होगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ और खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग अध्यक्ष मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम से पूर्व सुबह 10रू30 बजे पीएम केंद्रीय विद्यालय, हिनू से शौर्य सभागार तक खादी यात्रा निकाली जाएगी, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को स्वदेशी उत्पादों के महत्व से अवगत कराना है।

*******************

एशिया कप क्रिकेट में सुपर फोर में आज बांग्लादेश का सामना पाकिस्तान से होगा। यह मैच दुबई में रात 8 बजे से खेला जाएगा। इस मैच की विजेता टीम का मुकाबला फाइनल में भारत से होगा। कल भारत ने सुपर फ़ोर में बांग्लादेश को 41 रनों से हराकर फ़ाइनल में जगह बनाई।

******समाप्त********